## एक नजर में

### सीएमओ ने किया आवासों का निरीक्षण



**निवाली।** नगर परिषद निवाली बुजुर्ग अंतर्गत वार्ड 13 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 58 आवास स्वीकृत किए गए हैं। इन स्वीकृत आवासों का निरीक्षण नगर परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) रूपसिंह सोलंकी द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान वार्ड 13 के पार्षद प्रतिनिधि संतोष राठौड़ उपस्थित रहे एवं कार्य प्रगति की जानकारी दी। इस अवसर पर वार्ड क्रं. 2 के पार्षद प्रतिनिधि रायसिंह सेनानी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने संबंधित हितग्राहियों से चर्चा कर निर्माण कार्य को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया।

### 15 दिन बाद भी नहीं प्रारंभ हुआ मरम्मत कार्य

**सेंधवा।** टोल प्लस एन्युटी योजनांतर्गत निर्मित सेंधवा से व्हाया पलसुद बड़वानी मार्ग के क्षतिग्रस्त हिस्सों का मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य कंष्नेनायर द्वारा नही कराए जाने से एमपीआरडीसी द्वारा 1 अप्रैल से टोल का संचालन अपने आधिपथ्य में लेते हुए मरम्मत कार्य हेतु राशि भी स्वीकृत कर दी लेकिन 15 दिन बाद भी कार्य प्रारम्भ नही होने से जनता को बदहाल सड़क से यात्रा करना पड़ रही है। अधिवक्ता बीएल जैन ने इस समस्या को लेकर पुन: मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री सहित प्रबंध संचालक एवं मुख्य अभियन्ता मप्र सड़क विकास निगम, कलेक्टर को पत्र प्रेषित कर अवगत कराया है कि 3 माह से मेरे द्वारा उक्त मार्ग की बदहाली को लेकर की गई शिकायतो के बाद मुख्य अभियंता (बीओटी) एमपीआरडीसी भोपाल द्वारा 24 मार्च को टोल निलंबित करने एवं रिस्क एण्ड कास्ट पर अतिआवष्यक मरम्मत कार्य हेतु 78 लाख रूपये एवं हाईवे की मरम्मत व समय-समय पर रख रखाव के लिए 5 करोड़ 47 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई थी। साथ ही 78 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति के आदेश भी जारी कर दिए थे। तद्नुसार 1 अप्रैल से टोल प्लाजा का आधिपथ्य तो एमपीआरडीसी द्वारा लिया जाकर टोल कलेक्षन जारी है किन्तु 15 दिन बाद भी 78 लाख रू का अति आवश्यक मरम्मत कार्य संभाग स्तर पर तुरंत प्रारंभ किया जाना था जो अब तक प्रारंभ नही हुआ है ना ही 5 करोड़ 47 लाख की निविदाऐं भी जारी नही की गई है। निविदा जारी होने के पश्चात एक से डेढ माह के मध्य निविदा स्वीकृत होकर कार्यादेश जारी होंगे तब तक बारिश प्रारंभ होने की संभावना है। ऐसी स्थिती मे स्वीकृत कार्य प्रारंभ नही होने से वाहन चालको एवं यात्रियों को आवागमन मे परेशानी होगी तथा दुर्घटना का अंदेशा भी बना रहेगा, जब तक स्वीकृत कार्य प्रारंभ नही होता है तब तक शासन को टोल वसुली बंद करना चाहिये। यदि टोल रोड़ का रख रखाव व्यवस्थित तरीके से नही होता है तो वसुली भी नही होना चाहिये। जैन ने कहा कि यह कितनी विडम्बणापुर्ण स्थिती है कि सड़क की बदहाली को स्वीकार कर एमपीआरडीसी ने टोल निलंबित किया और अब वह स्वयं ही मरम्मत कार्य नहीं कर रही है। टोल वसुली अपने आधिपथ्य में लेकर राशि तो स्वीकृत कर दी ।

# अवैध गौवंश पर सिलावद पुलिस की प्रभावी कार्रवाई

**बड़वानी, (नवभारत)।** एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में जिले में अवैध गौवंश परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिलावद पुलिस को सफलता मिली। एएसपी धीरज बब्बर एवं एसडीओपी महेश सुनईया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिलावद वीरबहादुर सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई।

पुलिस ने बताया कि 15 अप्रैल 2026 को मुखबिर से सूचना मिली कि एक पिकअप वाहन में गौवंश को क्रूरतापूर्वक भरकर सिलावद होते हुए महाराष्ट्र की ओर वध के लिए ले जाया जा रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा बड़वानी-सिलावद रोड़ पर हिरमल के खेत के पास वाहनों की चेकिंग शुरू की गई। जहां कुछ ही समय बाद बड़वानी की ओर से एक संदिग्ध सफेद रंग का पिकअप क्रं. एमपी-46-जी-2989 आता दिखाई दिया। पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक वाहन खड़ा कर पगडंडी रास्ते से जंगल की ओर भाग गया। पंचों द्वारा चालक की पहचान रेलसिंग पिता विमलिया सोलंकी, निवासी सिंधी पटेल फलिया के रूप में की गई।

वाहन की जांच करने पर उसमें 6 नग गौवंश (केड़े) को अत्यंत क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंसकर भरा हुआ पाया गया। उक्त कृत्य प्रथम दृष्टया मप्र गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम एवं अन्य प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत दंडनीय पाया गया।



### कार्रवाई में इनका रहा सहयोग

पुलिस ने बताया कि कार्रवाई में 6 नग गौवंश अनुमानित मूल्य 30000 रूपए, पिकअप वाहन अनुमानित मूल्य 500000 रूपए जब्त किया गया। सिलावद थाने में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए प्रकरण विवेचना में लिया गया है। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी सिलावद वीरबहादुर सिंह चौहान, काप्रआर ईश्वरसिंह ब्राह्मणे, काप्रआर प्रवीण चौहान, आरक्षक सुनील चौहान, चालक आरक्षक सावन आर्से का सहयोग रहा।

### पुलिस टीम ने की वाहन की जांच

वाहन की जांच करने पर उसमें 6 नग गौवंश (केड़े) को अत्यंत क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंसकर भरा हुआ पाया गया। उक्त कृत्य प्रथम दृष्टया मप्र गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम एवं अन्य प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत दंडनीय पाया गया।

# बाबा साहब की जयंती पर चल समारोह

**पानसेमल, (नवभारत)।** नगर में भारत रत्न बाबा साहब अम्बेडकर जयंती पर भव्य चल समारोह निकाला। इस अवसर पर पूर्व सदर सरफराज कुरैशी ने समाज के वरिष्ठजनों एवं जय भीम दलित शक्ति संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ सुनील बागले का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया।

थाने से चल समारोह की शुरूआत हुई, जो मुख्य मार्ग से होकर बाबा साहब उद्यान के निकट पहुंचा। जहां बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। उद्यान के निकट ही मंचीय कार्यक्रम भी हुआ। जिसमें अतिथि सत्कार के बाद जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्धजनों ने विचार रखे। इस अवसर पर नप अध्यक्ष शैलेश भंडारकर, जपं अध्यक्ष शिला विनोद वसावे, प्रतिनिधि विनोद वसावे, जय भीम दलित शक्ति संगठन जिलाध्यक्ष डॉ सुनील बागले सहित संगठन पदाधिकारी, वरिष्ठ समाजजन मौजूद रहे। वहीं आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर तहसीलदार सुनील सिसोदिया, थाना प्रभारी मंशाराम वगेन पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।



### निबंध प्रतियोगिता सम्पन्न



**निवाली।** बालक उत्कृष्ट विद्यालय में डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के शुभावसर पर बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर प्राचार्य सत्तु मंडलोई ने बाबा के जीवन के बारे में उद्बोधन दिया। डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती को लेकर हुई निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 6ठी से 12वीं तक के करीब 80 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस दौरान जगदीश पाटिल, ओमप्रकाश आर्य, रणसिंह सेंगर, दिनेश वास्कले, लिंबा सुलिया ने अपने विचार व्यक्त किए।

# पानसेमल टीचर लीजेंडरी क्लब बना विजेता

▶ शानदार खेल प्रदर्शन कर हासिल 30000 का प्रथम पुरस्कार

**पानसेमल, (नवभारत)।** सीसी क्रिकेट टीम बड़वानी द्वारा कासा क्रिकेट मैदान में क्रिकेट टूर्नामेट का आयोजन किया गया। जिसमें पानसेमल की टीचर लीजेंडरी टीम ने प्रथम पुरुस्कार 30000 तथा सेंधवा ने द्वितीय 15000प्राप्त किया। टूर्नामेंट में 6 टीमों ने भाग लिया। सभी टीमों को दो मैच खेलना था।

पाटी टीम को हराकर फायनल मैच में पहुंची पानसेमल का आखिरी मुकाबला सेंधवा से हुआ। खिलाड़ियों को प्रोत्साहन के रुप में मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज और बेस्ट ऑफ द सिरीज का ईनाम रखा गया था।

मैच के दौरान मैन ऑफ द मैच राहुल बघेल, मेन ऑफ द सिरीज संजू बर्डे, बेस्ट बॉलर गोविंद भोंसले को दिया गया। उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षक डोंगरसिंह डुडवे की कप्तानी में पानसेमल को यह उपलब्धि हासिल हुई है। उनके साथ गोविंद भोंसले उप कप्तान, चैनसिंह गिरासे, उमेश सीरसाठ, इसन चौहान, अक्षय चौधरी, अक्षय सेन, राहुल खोटे, संजू बर्डे, योगेश गोले, अक्षय सेन ने उत्कृष्ट एवं शानदार प्रदर्शन करते हुए पानसेमल की शिक्षक क्रिकेट टीम को विजेता बनाकर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।

नगर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों से उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी गई है।

### पांच विकेट खोकर हासिल किया लक्ष्य

फायनल मैच निर्धारित 8 ओवर का खेला गया। जिसमें सेंधवा ने बल्लेबाजी करते हुए 36 रनों का लक्ष्य दिया। जिसके जवाब में पानसेमल ने 5 विकेट खोकर अपना लक्ष्य हासिल किया। पानसेमल टीम विजेता और सेंधवा की टीम उपविजेता रही।



## एक नजर में

### श्री एकेडमी के विद्यार्थियों को बेसबॉल में स्वर्णिम सफलता




**महू.** 31वीं राज्य स्तरीय सब-जूनियर बेसबॉल प्रतियोगिता में श्री एकेडमी कोदरिया के विद्यार्थियों ने मुख्य कोच एवं राष्ट्रीय पदक विजेता सुदर्शन पाटीदार एवं ललतेश बैरागी के निर्देशन में स्वर्णिम सफलता प्राप्त की. यह प्रतियोगिता 9 से 11 अप्रैल तक चिमन बाग मैदान, इंदौर में आयोजित की गई. इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में इंदौर जिला बेसबॉल संघ की बालक एवं बालिका टीमों में श्री एकेडमी के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन हुआ, जो महू के लिए अत्यंत गर्व का विषय है. बालक वर्ग में प्रथम सुले, अनिरुद्ध सिंह राठौर, कुनाल पाटीदार, अंश मुकाती, दिव्यांश बालमुकुंद पाटीदार, मंधार चौधरी, हरिओम पटेल, प्रिंस आंजना, रुद्र गोरे, दिव्यांश रवि पाटीदार तथा बालिका वर्ग में गौरी पाटीदार, गुंजन आंजना, अनन्या आंजना, इशिका मसानी, मानवी रेड्डी, निधि पारचे ने प्रतिभागिता की. इन सभी खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, अथक परिश्रम एवं समर्पण का शानदार प्रदर्शन किया. परिणामस्वरूप, इंदौर जिला बालक एवं बालिका दोनों टीमों ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर जिले का नाम गौरवान्वित किया. वहीं, इंदौर कॉर्पोरेशन टीम ने कांस्य पदक प्राप्त किया. श्री एकेडमी के डायरेक्टर डॉ. राजेश कुमार पाटीदार, प्राचार्या डॉ. हेमलता पाटीदार, मिश्रीलाल सुले, उमा पाटीदार, संतोष पाटीदार एवं श्री एकेडमी के सभी शिक्षकों ग्रामीणों एवं पालकों ने बधाई दी है.

### 13 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

**इंदौर.** शहर में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत राऊ पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है. आरोपी के पास से 13 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई है, जिसकी कीमत लाखों में बताई जा रही है. राऊ थाना प्रभारी राजपाल सिंह राठौर ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि गुरुकुल कॉलोनी, रंगवासा स्थित वेयरहाउस के पास एक व्यक्ति नशीले पदार्थ की डिलीवरी देने आने वाला है. सूचना पर टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और राजेन्द्र यादव निवासी स्कीम नंबर 103, तेजपुर गड़बड़ी को पकड़ लिया. तलाशी में आरोपी के पास से 13 ग्राम ब्राउन शुगर मिली. साथ ही तस्करी में इस्तेमाल की जा रही मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन भी जब्त किया है. पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है, ताकि सप्लाई चेन और जुड़े अन्य लोगों की जानकारी मिल सके.

### 6 साल से फरार इनामी ड्रग्स तस्कर गिरफ्तार



**इंदौर.** नारकोटिक्स सेल ने नशे पर प्रहार अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 6 साल से फरार चल रहे 10 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी एनडीपीएस एक्ट के दो मामलों में फरार था. ॉ डीएसपी संतोष हाडा के मार्गदर्शन में टीम ने आरोपी फैजान खान उम्र 26 साल निवासी श्रीनगर एक्सटेंशन, हाल मुकाम छोटी खजरानी को गिरफ्तार किया. आरोपी नारकोटिक्स सेल के अपराध में पिछले 6 साल से फरार था, इसके अलावा एक अन्य मामले में भी वह 3 साल से फरार चल रहा था. आरोपी की गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित था. पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर अन्य नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी है. कार्रवाई में निरीक्षक हरीश सोलंकी, उप निरीक्षक अजय कुमार शर्मा सहित पुलिस टीम के मनीष सीरोठा, संतोष शर्मा, शैलेन्द्र चौहान और प्रदीप पाल की सराहनीय भूमिका रही.

# शराब के लिए 1000 रुपए नहीं दिए तो युवक पर चाकू से कर दिया हमला

▶ स्कीम 78 में हुई वारदात, जांघ में घोंपा चाकू, दोनों आरोपी फरार

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र स्थित स्कीम नंबर 78 में शराब के लिए पैसे मांगने पर विवाद इतना बढ़ा कि बदमाशों ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया. घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि आरोपी फरार है.**

थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बताया कि फरियादी ऋषभ सिंह राजपूत निवासी स्कीम 78 को रास्ते में आर्यन पटेल और उसके साथी निखिल उर्फ हैनी ने रोका. आरोपियों ने उससे शराब पीने के लिए 1000 रुपए मांगे. इंकार करने पर दोनों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी. विवाद के दौरान निखिल ने कुर्सियां उठाकर ऋषभ पर हमला किया और धमकी दी कि पार्टी वही देगा. इसी बीच आर्यन ने चाकू निकालकर ऋषभ की बाईं जांघ में वार कर दिया, जिससे गहरा घाव हो गया. मारपीट में उसके दोनों हाथों में भी चोटें आई हैं.

शोर मचाने पर आसपास लोगों की भीड़ जुट गई, जिसे देख दोनों आरोपी मौके से भाग निकले. पुलिस ने आर्यन पटेल निवासी मां शारदा नगर और निखिल निवासी भानगढ़ के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है.

# नकली टाटा नमक फैक्ट्री का भंडाफोड़, 840 पैकेट जब्त

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. एरोड्रम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली टाटा नमक बनाने वाली अवैध फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है. मौके से 840 पैकेट नकली नमक, 1850 किलो कच्चा नमक और भारी मात्रा में पैकेजिंग सामग्री व मशीनरी जब्त की है.**

थाना प्रभारी वरुण सिंह भाटी ने बताया कि टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के टेक्निकल एक्सपर्ट ने शिकायत दी थी कि शहर में टाटा सॉल्ट के नाम से नकली नमक की पैकिंग कर बिक्री की जा रही है. शिकायत के बाद कंपनी अधिकारियों के साथ मिलकर लोकनायक नगर में दबिश दी गई. कार्रवाई के दौरान आरोपी जितेंद्र गुप्ता को मौके से पकड़ा, जो बड़े स्तर पर नकली नमक तैयार कर ब्रांडेड पैकेट में भरकर बाजार में खपा रहा था.

**1850 किलो कच्चा माल और मशीनरी जब्त**



### ये सामग्री की गई जब्त

पुलिस ने 980 खाली ब्रांडेड पैकेट, 32 कट्टे, वेइंग मशीन, पैकिंग मशीन, सिलाई मशीन और डिजिटल तराजू भी जब्त किए हैं. जब्त सामग्री की कीमत एक लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है. पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नकली पैकेजिंग सामग्री दिल्ली से मंगवाकर सस्ते कच्चे नमक को टाटा सॉल्ट के नाम से पैक कर आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई करता था. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट की धारा और बीएनएस की धारा के तहत केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.

# गांजा तस्करी करते दो युवक धराए, चोरी की बाइक भी बरामद

▶ आरोपियों के पास से 18,500 कीमत का 1.313 किलोग्राम गांजा जब्त

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. कनाड़िया पुलिस ने दो युवकों को गांजा तस्करी करते पकड़ा है. आरोपियों के कब्जे से 1.313 किलोग्राम गांजा के साथ एक चोरी की मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन भी जब्त किया है.**

थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बताया कि शहर में चल रहे नशा विरोधी अभियान के तहत कार्रवाई की गई. सूचना मिली थी कि क्षेत्र में गांजे का अवैध परिवहन हो रहा है. इस पर टीम ने घेराबंदी कर देवास जिले के रहने वाले 19 वर्षीय नागेश धौलपुरिया और 19 वर्षीय कान्हा चौहान को पकड़ लिया. तलाशी के दौरान दोनों के पास से 1.313 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत करीब 18 हजार 500 रुपए बताई जा रही है.

साथ ही एक हीरो डीलक्स बाइक और ओप्पो मोबाइल फोन भी जब्त किया. जांच में सामने आया कि बाइक पहले से चोरी की है, जिस पर थाना कनाड़िया में मामला दर्ज है. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की के तहत केस दर्ज कर आरोपियों से पूछताछ जारी है और गांजा सप्लाई नेटवर्क व वाहन चोरी से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है.



# मेघदूत गार्डन में बुलाकर की अश्लील हरकत, फोटो भी खींचे

**इंदौर.** विजयनगर थाना क्षेत्र में शादी की बातचीत के बहाने युवती से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है. पुलिस ने आरोपी कार्तिक चौधरी के खिलाफ पोक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है.

थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल ने बताया कि 18 वर्षीय पीड़िता ने शिकायत में बताया कि उसकी शादी की बात कार्तिक चौधरी से चल रही थी. इसी दौरान आरोपी ने उसे 8 फरवरी को मेघदूत गार्डन में मिलने के लिए बुलाया. युवती अपनी बुआ के साथ वहां पहुंची थी. आरोप है कि बातचीत के बहाने आरोपी ने युवती को अकेले में बुलाया और अश्लील टिप्पणी करते हुए गलत नियत से उसके साथ छेड़छाड़ की. इस दौरान उसने जबरन उसके सीने पर हाथ रखा और मोबाइल से फोटो भी खींच लिए. विरोध करने पर युवती वहां से हटकर अपनी बुआ के पास चली गई. घटना के बाद युवती ने परिजनों को जानकारी दी और सोमवार देर रात थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस व पोक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

**एक नजर में** यहां स्थित करीब 200 दुकानों का व्यापार लगभग ठप, जहां रोज सैकड़ों यात्रियों की आवाजाही से रौनक रहती थी, वहां अब पसरा रहता है सन्नाटा

# नौलखा बस स्टैंड शिफ्ट होने के बाद से क्षेत्र की आर्थिक रफ्तार थमी

**इंदौर. नौलखा क्षेत्र में वर्षों से संचालित निजी बस स्टैंड के बंद होने और उसे शहर सीमा पर शिफ्ट करने के फैसले से यहां की आर्थिक रफ्तार थम गई है. कभी यात्रियों से गुलजार रहने वाला यह इलाका आज वीरानी और बेरोजगारी की मार झेल रहा है.**

सितंबर 2025 में बस स्टैंड को नायता मूंडला स्थित नए आरटीओ के पास शिफ्ट करने का निर्णय स्थानीय व्यापारियों के लिए भारी पड़ गया. स्टैंड के आसपास मौजूद होटल, चाय-नाश्ते की दुकानें, और छोटे वेंडर पूरी तरह बेरोजगार हो गए हैं, क्योंकि यात्रियों की आवाजाही खत्म हो गई है. जिस मार्केट में रोज सैकड़ों यात्रियों की आवाजाही से रौनक रहती थी, वहां आज सन्नाटा पसरा है. करीब 200 दुकानों का व्यापार लगभग ठप हो चुका है और दुकानदार दिनभर ग्राहकों के इंतजार में बैठे रहते हैं.



शहर के बीचों-बीच स्थित होने के कारण यह प्रमुख केंद्र था, जिसका स्थानांतरण बाहरी इलाकों में होने से यात्रियों को शहर पहुंचने के लिए अतिरिक्त समय और पैसा खर्च करना पड़ रहा है. सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन ने इस फैसले से पहले यहां के व्यापारियों और उनके रोजगार पर पड़ने वाले असर का आकलन किया था? क्या वैकल्पिक व्यवस्था या पुनर्वास की कोई योजना बनाई गई? सूत्रों के मुताबिक अब इस मार्केट को तोड़ने की चर्चाएं भी सामने आ रही हैं, जिससे व्यापारियों की चिंता और बढ़ गई है. यह प्रशासनिक लापरवाही का स्पष्ट उदाहरण है, जहां बिना दूरदर्शिता के लिया गया फैसला सैकड़ों परिवारों की आजीविका पर संकट बन गया है. व्यापारी मांग कर रहे हैं कि इस खाली पड़ी जमीन पर जल्द कोई नया प्रोजेक्ट लाया जाए, ताकि क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियां फिर से पटरी पर लौट सकें.

### इनका कहना है...



पहले हजार रुपए रोज कमा लेते थे, अब सौ-डेढ़ सौ रुपए की बिक्री हो गई तो समझो बहुत हो गई. यहां पर कोई स्टैंड या कोई प्रोजेक्ट आ जाए तो सब का रोजगार चल पड़े.
– श्रीकांत वर्मा



यहां बस स्टैंड ही आना चाहिए क्योंकि यह क्षेत्र उसके लायक है आने वाले सिंहस्थ के लिए भी यह स्थान उचित रहेगा. इससे तीन चार सौ दुकानों का रोजगार चल पड़ेगा.
– देवीलाल सुरागे



दुकानदारों का तो रोजगार ठप है ही, यहां से चलने वाले ऑटो भी घंटों यात्रियों के लिए खड़े रहते हैं, इस स्थान से जुड़े सभी लोग रोजगार को लेकर परेशान हैं.
– अजय चितावले